सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर,उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून25 सितंबर, 2023

सोमवार को गढ़ी कैंट में छावनी परिषद देहरादून द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन एवं समय व्यतीत करने के लिए स्थापित स्वाभिमान केंद्र का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राज्यपाल ने गढ़ी कैंट में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार प्रदान करने के लिए स्थापित आयुर्वेदिक 'पंचकर्म' केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस केंद्र की दीवारों में प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग किया गया है। राज्यपाल ने इस अभिनव पहल की सराहना की और कहा की इससे जहां वेस्ट प्लास्टिक का सदुपयोग किया जा सकेगा वहीं यह पर्यावरण अनुकुल भी है।

इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 'अभ्यास केन्द्र' का भी उद्घाटन किया। यहां पर अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। यहां उन्हें एक शांतिपूर्ण और पढ़ाई हेतु सहायक वातावरण प्रदान किया गया है, जिससे वे पूरे ध्यान से अपनी तैयारी कर सकें।उन्होंने आयुर्वेद केंद्र और अभ्यास केंद्र खोलने के विचार की भी सराहना की और कहा की इन केंद्रों की शुरुआत से कई लोग लाभान्वित होंगे।

राज्यपाल ने वरिष्ठ नागरिकों को फिटनेस, मनोरंजन क्षेत्र, पुस्तकालय, संगीत और जन्मदिन/वर्षगांठ समारोह जैसी व्यापक सुविधाएं प्रदान करने के लिए छावनी परिषद देहरादून के प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा जिस प्रकार उमंग और उत्साह के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वह दर्शाता है कि हमें हर पल खुश रहना चाहिए। खुश रहने के लिए किसी कारण पर निर्भर न होकर प्रत्येक स्थिति में प्रसन्न रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इससे सीख लेने की जरूरत है।

स्वाभिमान केंद्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और उसके बाद स्वागत गीत, समूह नृत्य, लघु नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने खूब लुत्फ उठाया।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर,अध्यक्ष कैंट बोर्ड ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, सीईओ कैंट बोर्ड अभिनव कुमार सहित छावनी बोर्ड के समस्त सदस्य एवं स्वाभिमान केन्द्र के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

..........0..........